Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 27 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 208

# नक्सलियों के किए आईईडी ब्लास्ट में 11 जवान शहीद

❑ सर्चिंग पर निकले डीआरजी जवानों के वाहन को उड़ाया नक्सलियों ने

❑ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने ज्याया दुख

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले में बुधवार को फिर नक्सलियों ने जवानों से भरे वाहन को विस्फोटक से उड़ा दिया। इस हमले में डीआरजी के 11 जवान शहीद हो गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नक्सलियों की इस करतूत की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें उनके किए की सजा जरूर मिलेगी। वहीं बस्तर प्रवास पर आए छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने घटना पर दुख जताते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है।



बुधवार को दंतेवाड़ा जिले के जंगलों में नक्सलियों के लोकेशन की सूचना मिलने के बाद डीआरजी के 11 जवान घने जंगलों में सर्चिंग पर निकले हुए थे। रास्ते में नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखा था, जिसे जवान भांप नहीं पाए और आईईडी वाले पाइंट से गुजरने के दौरान उनका वाहन चपेट में आ गया। विस्फोट के लिए भारी मात्रा में बारूद का इस्तेमाल किया गया था। विस्फोट इतना जबरदस्त रहा कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और वाहन पर सवार ड्राइवर समेत सभी 11 जवान शहीद हो गए। सूचना मिलते ही जिला एवं संभाग मुख्यालय से अतिरिक्त फोर्स घटना स्थल की ओर रवाना कर दिए गए हैं। जंगलों में हमलावर नक्सलियों की खोजबीन शुरू कर दी गई है। इस भीषण नक्सली वारदात की खबर मिलने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि नक्सलियों को उनकी इस कायराना करतूत की सजा हर हाल में दी जाएगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री बघेल को फोन कर उनसे घटना का ब्यौरा लिया और उन्हें भरोसा दिलाया कि नक्सलियों से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी। उधर बस्तर प्रवास के सिलसिले में जगदलपुर आए भारतीय जनता पार्टी के छग प्रभारी ओम माथुर ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस घटना को राज्य सरकार की नाकामी करार दिया है। उन्होंने कहा कि छग में नक्सली टॉरगेट किलिंग कर रहे हैं।

**राज्यपाल ने नक्सली हमले में जवानों की शहादत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया -** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किये गये बम विस्फोट में पुलिस के जवानों की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि नक्सलियों के राष्ट्र विरोधी मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। केन्द्र शासन और राज्य शासन समन्वय पूर्वक नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए कटिबद्ध है।

**नक्सली हमले को बताया कायराना करतूत : डॉ चरणदास महंत-** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने दंतेवाड़ा थाना अरनपुर में नक्सली हमले में शहादत पर नमन करते हुए दुख व्यक्त किया है। डॉ महंत ने कहा कि नक्सलियों की यह कायराना करतूत है, इस प्रकार की घटना उनकी हताशा का प्रतीक है। आशा है केंद्र सरकार व राज्य सरकार जल्द ही साझा प्रयास से नक्सल समस्या का निराकरण करेंगे। दिवंगत शहीदों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

**मुख्यमंत्री ने नक्सल हिंसा की घटना में जवानों की शहादत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में 10 डीआरजी जवानों एवं एक वाहन चालक की शहादत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है। बघेल ने माओवादियों की इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हमारे जवानों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में हम सब शहीदों के परिवारों के साथ हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एनआईए की विशेष अदालत ने 23 आतंकवादियों के खिलाफ जारी किया वारंट

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने पुलिस के अनुरोध पर बुधवार को किश्तवाड़ जिले के 23 आतंकवादियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है, जो पाकिस्तान या पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में छिपे हुए हैं । एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) खलील पोसवाल ने बताया कि मुख्य जांच अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पीसी विशाल शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले सहित विभिन्न हिस्सों में अशांति फैलाने और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने के लिए विशेष एनआईए अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने के मंसूबों के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए अलगाववादियों और अलगाववादी नेताओं की मिलीभगत से आतंकवादियों को जम्मू-कश्मीर में पनाह दी। मामले की आगे की जांच जारी है। गौरतलब है कि संबंधित धाराओं के तहत गैर जमानती वारंट जारी कर जांच शुरू कर दी गई है।

### भीड़ ने थाने को लगाई आग, पुलिसवालों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**दिनाजपुर (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में उत्तर दिनाजपुर जिले के कालियागंज थाने की पुलिस को बेरहमी से पीटे जाने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें हमलावरों द्वारा वीडियो बनाई जा रही है। जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को 17 साल की लडक़ी का नहर में शव मिला था, जिस पर राजबंशी सुमदाय का आरोप था कि लडक़ी की रेप के बाद हत्या की गई है, जिस पर पुलिस का कहना था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रेप का जिक्र नहीं है। इस दौरान सुमदाय के लोग एकत्रित होकर मंगलवार थाने में पहुंचे थे। इस दौरान लोगों द्वारा पुलिस थाने को आग लगा दी गई थी व जवानों को पीटा गया था। वहीं वीडियो में पुलिस लोगों से अपनी जान की भीख मांगते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि जो लोग इसमें शामिल है उनकी प्रॉपटी जब्त की जाएगी। लडक़ी की मौत व थाने में आग लगाने की घटना की जांच की जाएगी।

### यूएई में भारतीय प्रवासी की मौत के मामले में नाव संचालक पर लापरवाही का आरोप

**दुबई।** केरल के 38 वर्षीय प्रवासी की जहाज पलटने की घटना में मौत के बाद शारजाह पुलिस ने टूरिस्ट बोट कंपनी के प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है और ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। शारजाह में अधिकारियों ने सुरक्षा प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने वाले कई अन्य पर्यटक नाव संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की है। अभिलाष अपने साथियों के साथ नौका विहार करने गया था, जब पिछले सप्ताह खोर फक्कन समुद्र तट पर दुर्घटना हुई थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी और सात साल के बच्चे सहित चार अन्य घायल हो गए थे। दुर्घटना के पीछे टूरिस्ट बोट कंपनी के प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है और सार्वजनिक अभियोजन पक्ष को भेजा गया है।

# अब तक 500 के अधिक भारतीय नागरिकों को सूडान से सुरक्षित निकाल चुका है भारत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत अब तक संघर्षग्रस्त सूडान से 534 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल चुका है और इसके लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन कावेरी के तहत भारतीय नौसैनिक जहाजों और भारतीय वायु सेना के विमानों के माध्यम से भारतीय नागरिकों को वहां से निकाला जा रहा है।



दो सौ अठहतर भारतीयों का पहला जत्था जेद्दा के लिए रवाना हुआ, जहां आगे की यात्रा के लिए एक पारगमन सुविधा स्थापित की गई है। आईएनएस सुमेधा पर बीती शाम को 121 और 135 भारतीयों के दो अन्य जत्थों को जेद्दा के लिए रवाना किया गया था।

विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन को जेद्दा में हैं, जहां सूडान से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। सेना और अर्धसैनिक बल के बीच लड़ाई शुरू होने के समय सूडान में मौजूद 3,000 से अधिक भारतीयों को निकालने के लिए और उड़ानें भरी जाएंगी।

सूडान में दो युद्धरत गुटों ने मंगलवार को तीन दिवसीय युद्धविराम की घोषणा की थी, जिसका लाभ उठाते हुए भारत ने अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू किया है। सूडानी सशस्त्र बलों और प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के नेताओं ने मंगलवार से शुरू होने वाली लड़ाई को रोकने पर सहमति व्यक्त की है।

# अतीक के दफ्तर में मिले खून के धब्बे थे इंसान के, पुलिस कर रही जांच

❑ हमला महिला पर हुआ या पुरुष पर

**प्रयागराज (आरएनएस)।** माफिया अतीक अहमद के खंडहर हो चुके दफ्तर में सोमवार को मिले खून के धब्बे इंसान के हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार फोरेंसिक जांच में इसकी पुष्टि हुई है। पुलिस अब यह पता कर रही है कि दफ्तर में आखिर किस पर जानलेवा हमला हुआ है। पुलिस को आशंका किसी महिला पर हमला होने की है, क्योंकि दफ्तर में साड़ी और चूड़ियां भी बिखरी मिली थीं।

दफ्तर में पुलिस को कई स्थानों पर खून के धब्बे पहली मंजिल पर किचन से लेकर सीढिय़ों पर मिले थे। कपड़ों और दीवारों पर भी खून के छींटे थे। फर्श पर एक चाकू भी पड़ा था। उसमें भी खून लगा हुआ था।



अतीक के दफ्तर में फोरेंसिक टीम को महिला के कपड़े मिले थे। इनमें एक दुपट्टा भी था जिस पर खून लगा था। जगह-जगह टूटी चूडिय़ां बिखरी थीं। पुलिस को आशंका है कि मौके पर किसी महिला के साथ संघर्ष हुआ है। यह विवाद किस के बीच हुआ, क्यों हुआ और अतीक के ही कार्यालय में क्यों हुआ इसकी पुलिस तफ्तीश कर रही है।

पुलिस आसपास के क्लिनिक, अस्पतालों में जाकर पता लगा रही है कि सोमवार को क्या किसी घायल महिला या पुरुष का इलाज हुआ है। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि यहां किसी की हत्या के बाद उसका शव ठिकाने तो नहीं लगाया। दफ्तर के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल पूरे मामले पर पुलिस आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कह रही है।

अतीक अहमद के दफ्तर को पुलिस ने बैरिकेड कर दिया। अंदर मीडिया की भी एंट्री बैन हो गई है। खुल्दाबाद थाने की फोर्स राउंड द क्लॉक के लिए तैनात कर दी है।

### शाइस्ता की तलाश में छापे

प्रयागराज। उमेश पाल मर्डर केस में वांटेड चल रहीं शाइस्ता परवीन की तलाश पुलिस ने तेज कर दी है। अशरफ की बीवी जैनब और अतीक की बहन आयशा नूरी भी पुलिस रडार पर हैं। प्रयागराज में दोनों के छिपे होने की सूचना पर मंगलवार देर रात तक पुरामुफ्ती और हटवा के कई जगहों पर छापेमारी की गई। हालांकि, दोनों का अभी तक सुराग नहीं मिल सका है। उमेश पाल मर्डर केस में शूटर्स के संपर्क में रहीं और उन्हें एक-एक लाख रुपए देने वाली शाइस्ता पर इनाम की राशि 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की तैयारी है।

# मोदी सरकार का बड़ा फैसला : देश में खुलेंगे 157 नए सरकारी नर्सिंग कॉलेज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न हिस्सों में 1570 करोड़ रुपए के निवेश से 157 नये सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोलने का फैसला किया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे देश में 15700 अतिरिक्त नर्सिंग सीटें उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से राजस्थान, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश को अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नया नर्सिंग कॉलेज पहले से स्थापित मेडिकल कॉलेज के साथ संबंधित होगा। उन्होंने कहा कि लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित नए मेडिकल कॉलेजों के साथ नया नर्सिंग कॉलेज दिया गया है। प्रत्येक नए नर्सिंग कॉलेज के लिए 10 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। संबंधित राज्य सरकार इसमें अतिरिक्त सुविधाएं बढ़ाने के लिए और आवंटन बढ़ा सकती है।

मांडविया ने कहा कि नर्सिंग कॉलेजों का आवंटन सभी राज्यों में उनके द्वारा खोले गए नए मेडिकल कॉलेजों के आधार पर किया गया है। प्रत्येक नये मेडिकल कॉलेज को एक नया नर्सिंग कॉलेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश और विदेश में भारतीय नर्सों की मांग लगातार बढ़ रही है। सरकार के इस फैसले से इस मांग की पूर्ति होगी और युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि नए नर्सिंग कॉलेज अगले 24 महीने में बनकर तैयार हो जाएंगे। संबंधित नर्सिंग कॉलेजों के लिए राज्यों को उनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार आवंटन जारी कर दिया जाएगा।

# एलओसी के पास आतंकियों का जमावड़ा, लॉन्च पैड एक्टिव; कश्मीर में जी20 बैठक से पहले पाक का डर्टी गेम शुरू

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कश्मीर में जी20 बैठक होने से पहले पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों पर उतर आया है। दरअसल जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ करवाने के लिए पाकिस्तान की घटिया साजिश का खुलासा हुआ है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तानी सेना ने आंतकियों की मदद के लिए नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पांच कंट्रोल रूम कायम किए हैं। खुफिया जानकारी के मुताबिक ये कंट्रोल रूम भिम्बर, नीलम वैली, लीपा वैली, रावलकोट और मुजफ्फराबाद में बनाए गए हैं। इन कंट्रोल रूम से इसकी निगरानी रखी जाएगी कि कैसे आतंकियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ करवाना है। इसका मकसद भारत की सेना के जवानों की मूवमेंट के बारे में आतंकियों को जानकारी भी देना है।

खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली है कि पाकिस्तान ने अपने सभी लांच पैड को एक्टिव कर दिया है। खुफिया जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान ने अपने सभी आतंकी लॉन्च पैड्स को नियंत्रण रेखा के करीब कर दिया है। इसके लिए ठिकाने इस तरह चुने गए हैं कि हर लॉन्च पैड भारतीय सीमा से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ बढ़ाने के लिए ऐसा किया है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक नक्शे के हिसाब से उनके पास भारत में घुसपैठ करने के कई रास्ते हैं। ये रास्ते भारतीय सेना की किसी भी गोलीबारी से बचने और उनको उलझाए रखने के लिए हैं।

बताया जा रहा है कि फिलहाल सभी लॉन्च पैड प्रशिक्षित आतंकवादियों से भरे हुए हैं और सीधे पाकिस्तान की ढ्ढस्ढ्ढ उनको कंट्रोल कर रही है। खुफिया सूत्रों ने कहा कि इन आतंकवादियों की घुसपैठ आईएसआई के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। पाकिस्तानी सेना बाद में इनके लिए ड्रोन के जरिये हथियारों को सीधे भारत में गिरा सकती है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक ये हथियार टारगेट किलिंग के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। खुफिया सूत्रों के मुताबिक लश्कर और जैश जैसे आतंकी संगठनों के कई विदेशी आतंकवादी पहले से ही कश्मीर में मौजूद हैं। ऐसे आतंकियों ने ही हाल में सेना की एक ट्रक को अपना निशाना बनाया था।

# ब्रिटेन में बनेगा पहला जगन्नाथ मंदिर, भारतीय मूल के बिजनेसमैन ने दान किए 250 करोड़

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ब्रिटेन में संचालित एक धर्मार्थ संगठन लंदन में भगवान जगन्नाथ के पहले मंदिर के निर्माण की योजना बना रहा है। उसकी इस योजना का ओडिशा मूल के एक उद्यमी ने समर्थन करते हुए 2.5 करोड़ पौंड देने का संकल्प लिया है और उम्मीद जताई है कि मंदिर निर्माण का पहला चरण अगले साल के अंत तक हो जाएगा। 'चैरिटी कमीशन इन इंग्लैंड' में पंजीकृत जगन्नाथ सोसाइटी (एसजेएस), ब्रिटेन ने कहा कि वैश्विक भारतीय निवेशक बिश्वनाथ पटनायक ने रविवार को लंदन में आयोजित पहले जगन्नाथ सम्मेलन में संकल्प लिया।



फिननेस्ट समूह के संस्थापक पटनायक और कंपनी के प्रबंध निदेशक अर्जुन कार परियोजना के प्रधान दानकर्ताओं में शामिल हैं।

संगठन ने बयान में कहा, ''इस अवसर पर कार ने घोषणा की कि बिश्वनाथ पटनायक ने लंदन में भगवान जगन्नाथ को समर्पित भव्य मंदिर के निर्माण के लिए 2.5 करोड़ पौंड देने का संकल्प लिया है जो फिननेस्ट समूह की कंपनियों द्वारा दिया जाएगा जिसके वह प्रबंध निदेशक हैं।

कार ने खुलासा किया कि समूह मंदिर निर्माण के लिए 15 एकड़ जमीन खरीदने के वास्ते 70 लाख पौंड देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस मंदिर को जगन्नाथ मंदिर लंदन के नाम से जाना जाएगा।

# बादल के निधन पर केंद्र सरकार ने की दो दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा

❑ मुर्मू, धनखड़, मोदी ने जताया शोक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल के निधन पर केंद्र सरकार ने दो दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं मुख्यमंत्रियों ने गहरा शोक व्यक्त किया।



केंद्र सरकार ने शिरोमणि अकाली दल(शिअद) के संरक्षक और कद्दावर नेता तथा पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे प्रकाश सिंह बादल के निधन पर दो दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। वहीं पंजाब सरकार ने बादल के सम्मान में बुधवार को एक दिन के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। इस दौरान सभी सरकारी, बोर्ड और निगम कार्यालय, स्कूल एवं उच्च शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे और राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख बादल (95) ने मंगलवार को मोहाली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली।

शिअद ने यह फैसला लिया है कि बादल का पार्थिव शरीर बुधवार सुबह दस बजे यहां सेक्टर-28 स्थित पार्टी मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और जनता उन्हें 12 बजे तक अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेगी। इसके बाद उनकी अंतिम यात्रा चंडीगढ़ से शुरू होकर उनके मुक्तसर जिले में उनके पैतृक बादल गांव तक जाएगी। यह यात्रा राजपुरा, पटियाला, संगरूर, बरनाला, रामपुरा फूल बठिंडा होते हुए बादल गांव पहुंचेगी जहां गुरुवार 27 अप्रैल को दोपहर एक बजे पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने बादल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट किया,प्रकाश सिंह बादल आजादी के बाद से सबसे बड़े राजनीतिक दिग्गजों में से एक थेज्उनका निधन एक शून्य छोड़ गया है..।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बादल के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए इसे राष्ट्र के लिए भारी क्षति बताया है।

धनखड़ ने यहां जारी एक संदेश में कहा प्रकाश सिंह बादल का निधन पंजाब और राष्ट्र के लिए भारी क्षति है। उन्हें सदैव असाधारण नेतृत्व, दूरदृष्टि और जनता के कल्याण के प्रति समर्पण के लिए याद रखा जाएगा। धनखड़ ने कहा, दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिजनों और मित्रों के साथ हैं। ओम शांति।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी बादल के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता सरदार प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं. राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में आमजन और किसानों के हित में प्रकाश सिंह बादल ने आजीवन संघर्ष किया. समाज, प्रदेश व देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा. लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने में भी बादल की भूमिका रही महत्वपूर्ण.